मीडिया रिलीज़

महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल के चौथे संस्करण में देखने को मिलेगी कलाकारों की अनुपम छटा

22 – 24 नवंबर, 2019

नई दिल्ली: महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल का चौथा संस्करण, अपने अनूठे माहौल, सुगंध, आत्मा और अतीत के साथ, एक बार फिर से 15वीं सदी के रहस्यवादी संत-कवि, कबीर की जन्मस्थली वाराणसी में उपस्थित है|

संगीत, साहित्य, मंथन, ऐतिहासिक स्थलों की सैर, नौकायान और लजीज स्थानीय व्यंजनों से सजे दो-दिवसीय महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल का आयोजन 22 से 24 नवम्बर, 2019 को किया जायेगा, जिसमें कबीर का ज्ञान विभिन्न रूपों में अभिव्यक्त होगा|

वाराणसी के घाट पर नामी-गिरामी कलाकारों की संगीतमय प्रस्तुति, ऐतिहासिक शहर की गलियों से गुज़रते हुए सांस्कृतिक भ्रमण, चर्चा और परिचर्चा, ऐतिहासिक नदी में नौकायान के साथ ही श्रोता बनारस के लजीज व्यंजनों का लुत्फ़ भी ले सकते हैं|

महिंद्रा ग्रुप और आर्ट व मनोरंजन की प्रमुख कंपनी टीमवर्क आर्ट्स की संयुक्त संकल्पना 'महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल' कबीर के दर्शन के कुछ दिलचस्प पहलुओं से रुबरु कराता है|

वर्ष 2019 के संस्करण में, बनारस के प्रसिद्ध शिवाला और गुलेरिया घाट पर नीरज आर्य कबीर कैफ़े, नीरज मिश्रा और उज्ज्वल नागर जैसे युवा और जुनूनी कलाकारों के साथ ही मंझे हुए गीतकार ओम प्रकाश नायक, मूरालाला मारवाडा, शबनम विरमानी और जाने-माने सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी भी अपने संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे|

अपने पिछले तीन संस्करणों में, महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल ने कैलाश खेर, शुभा मुद्गल, मालिनी अवस्थी, पं. अजॉय चक्रवर्ती, विद्या शाह, विद्या राव और प्रहलाद टिपनिया जैसे विश्व प्रसिद्ध कलाकारों की मेजबानी की है|

इस साल फेस्टिवल में कलाकारों, सांस्कृतिक संगठनों और कबीर-विशेषज्ञों का दुर्लभ संयोजन प्रस्तुत होने जा रहा है| लोक प्रसिद्ध मेघवाल गायक मूरालाला मारवाडा की दिलकश आवाज़ और लोक संगीत कबीर कैफ़े के फ्यूज़न से ताल मिलाएगा|

तीन-बार ग्रैमी नॉमिनी पं. अजय शंकर प्रसन्ना दूसरे अनुभवी कलाकारों के साथ 'बांसुरी वादन' करेंगे| फेस्टिवल एक अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, 'यूनिटी अर्थ' से साझेदारी करके धरती पर एकता और शांति की भावना का प्रचार करेगा|

विश्वस्तरीय संगीतकार संगठन के साथ मिलकर फेस्टिवल में विशिष्ट जैम सेशन प्रस्तुत करेंगे| कबीर मठ भी फेस्टिवल की साझेदारी में रहस्यवादी कवि की अनसुनी बातों को श्रोताओं के समक्ष रखेगा|

महिंद्रा ग्रुप के कल्चरल आउटरीच, वाईस प्रेसिडेंट, जय शाह ने फेस्टिवल के बारे में बात करते हुए कहा, "महिंद्रा ग्रुप का उद्देश्य अपने कामों और नई पहल के माध्यम से, लोगों के जीवन और समुदाय में, सकारात्मक बदलाव लाना है| इसी के साथ व्यक्ति विशेष के सम्मान की रक्षा भी हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है| महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल कला के प्रति हमारी इसी दृढ़ता को दर्शाता है| फेस्टिवल के पहले तीन संस्करणों को श्रोताओं और कलाकारों का भरपूर प्यार मिला है, और इसी को आगे चौथे वर्ष में बढ़ाते हुए हम बहुत उत्साहित हैं|"

साहित्यिक मंथन में, प्रसिद्ध लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल श्रोताओं को कबीर के कार्य और दर्शन के बारे में बताएँगे| जश्न-ए-कलम के सह-संस्थापक और अभिनेता, केसी शंकर एक विशेष सत्र में कहानीकार की भूमिका निभाएंगे| फेस्टिवल में आप 'हेरिटेज वाक' के माध्यम से बनारस की अद्भुत और रहस्यमयी सांस्कृतिक धरोहर की सैर का आनंद भी ले सकेंगे, जिनका संचालन 'बनारस कल्चरल फाउंडेशन' के नवनीत रमण और अजय पाण्डेय संभालेंगे| 'कला प्रकाश' से स्थानीय कलाकार - सितार वादक नीरज मिश्र और बांसुरी वादक राकेश कुमार सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे|

टीमवर्क आर्ट्स के एमडी, संजॉय रॉय कहते हैं, “एक बार फिर से जाने-माने साहित्यकारों और संगीतकारों के माध्यम से, कबीर के जन्मस्थल से, उनके रहस्य और दर्शन को पूरी दुनिया तक पहुँचाने में हम बहुत उत्साहित हैं| हर साल की तरह, इस बार भी महिंद्रा कबीरा फेस्टिवल 2019 के जरिये, हम कबीर की प्रासंगिकता और उनकी सादगी भरी सोच को सलाम करते हैं| तो आइये नवम्बर में काशी आपका पूरे दिल से स्वागत करने को तैयार है|”

यद्यपि दो दिन के इस फेस्टिवल में सुबह और शाम के संगीत कार्यक्रम सभी के लिए फ्री है, पर विशेष अनुभव के लिए, फेस्टिवल डेलिगेट पैकेज (customised Delegate Packages) भी उपलब्ध कराता है| सतर्कतापूर्वक तैयार किये गए ये एक और दो दिवसीय पैकेज आपको दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक को करीब से समझने और यहाँ के जीवन पर कबीर की छाप को देखने का अवसर मुहैया कराते हैं| डेलिगेट के पास फेस्टिवल की विविध श्रेणी के चुनिन्दा होटलों में ठहरने का विकल्प भी होगा|

कलाकारों के टाइम शेड्यूल की घोषणा जल्द की जाएगी| ज्यादा जानकारी के लिए देखें: www.mahindrakabira.com

~~~

तारीख**:** 22 – 24 नवंबर 2019

सामान्य प्रवेश: शनिवार और रविवार को होने वाले प्रात: और संध्याकालीन संगीत प्रस्तुतियों के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन|

डेलिगेट प्रवेश: एक-दिवसीय (13,000/- रु) और दो-दिवसीय (25,000/- रु) डेलिगेट के खास पैकेज में फेस्टिवल को और बेहतर तरीके से एन्जॉय करने का अवसर रहेगा|

रिहायशी पैकेज: होटल पैकेज में आपके पास चयन के कई सारे विकल्प हैं|

ध्यान रहे कि रिहायशी पैकेज के साथ दो-दिवसीय डेलिगेट पैकेज (प्रति-व्यक्ति) को खरीदना जरूरी है, चूँकि सभी होटल में 2 दिन और 3 रात की अवधि के साथ उपलब्ध हैं| शहर के चुनिन्दा होटल्स में 2 दिन और 3 रातों के लिए शुल्क 20,000/- रुपये से शुरू होकर 1,46,000/- रुपये तक है|

डेलिगेट्स पैकेज से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए कृपया इस पते पर मेल भेजें: delegates@teamworkarts.com


~~~

संपादकों के लिए नोट्स

महिंद्रा के बारे में

महिंद्रा समूह 7.20 अरब डॉलर का कारोबार करने वाली कंपनियों का परिसंघ है। महिंद्रा समूह का लक्ष्य लोगों को सक्षम बनाने पर केन्द्रित है। इसके लिये वह वैसे समाधान पेश करता है जो पावर मोबिलिटी, ग्रामीण समृद्धि, शहरी जीवन शैली तथा व्यवसाय दक्षता के स्तर को बढ़ाते हैं। यह उपयोगी वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी,वित्तीय सेवाओं और अवकाश स्वामित्व के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है और मात्रा के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है। इसके अलावा इसने कृषि व्यवसाय, घटकों, वाणिज्यिक वाहनों, परामर्श सेवाओं, ऊर्जा, औद्योगिक उपकरण, रसद, अचल संपत्ति, इस्पात, एयरो स्पेस, रक्षा, और दोपहिया उद्योगों में भी मजबूत स्थिति बना ली है। भारत में मुख्यालय वाला महिंद्रा 100 देशों में 200,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

महिंद्रा के बारे में और अधिक जानकारी के लिए - www.mahindra.com / Twitter और Facebook: @MahindraRise

टीमवर्क आर्ट्स के बारे में:

25 से अधिक वर्षों से टीमवर्क आर्ट्स ने भारत को पूरी दुनिया तक पहुंचाया है और पूरी दुनिया को भारत के पास लाया है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी,हांगकांग, इटली, इजरायल, कोरिया, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों में, टीमवर्क आर्टस ने 40 से अधिक शहरों में 25 से अधिक अत्यधिक प्रशंसित प्रदर्शन कृतियों तथा दृश्य कृतियों को सृजित किया है तथा साहित्यिक उत्सवों का आयोजन किया है। टीमवर्क ने दुनिया के सबसे बड़े मुक्त साहित्यिक समारोहों में से एक समारोह वार्षिक जी जयपुर साहित्य महोत्सव, नई दिल्ली में इशारा अंतर्राष्ट्रीय कठपुतली महोत्सव और महिंद्रा एक्सेलेंस इन थियेटर अवार्ड्स)एमईटीए (एंड फेस्टिवल, दक्षिण अफ्रीका में इंटरनेशनल फेस्टिवेल्स शेयर्ड हिस्ट्री,अमरीका में आई आन इंडिया, हांगकांग में इंडिया बाई द बे और आस्ट्रेलिया में कंफ्लुएंस -फेस्टिवल ऑफ़ इंडिया, ब्रिटेन में इंडिया@70 2017: ईयर ऑफ़ कल्चर और अनेक अन्य फेस्टिवल का आयोजन देश विदेश में करते हैं ।

www.teamworkarts.com

-

मीडिया संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें:

अधिक जानकारी के लिए देखें *www.mahindrakabirafestival.com*

For media queries, please contact:

टीमवर्क आर्ट्स

मानस प्रतिम डेका: manash@teamworkarts.com

विदुषी खेरा: vidushi@teamworkarts.com

दीक्षा पुरोहित: deeksha@teamworkarts.com

ज़िमिषा कम्युनिकेशंस

इम्तियाज़ आलम: imtiaz@zimisha.com / 9810227818

संतोष कुमार: santosh@zimisha.com/ 9990937676

गौरव सचदेवा : info@zimisha.com/ 9810331114